तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 एक माह में दूसरी बार बांगो बांध का खुला गेट, तीन गेट से छोड़ा जा रहा है पानी



## खबर संक्षेप

### राजस्व वसूली हेतु आज से वार्डो में लगेंगे शिविर

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम द्वारा राजस्व वसूली हेतु वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर 17 से 18 अक्टूबर तक निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे तथा वार्ड के निर्धारित स्थलों पर करदाताओं व बकायादारों से बकाया करों की राशि जमा कराई जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के करदाताओं, बकायादारों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही ऐसे नए भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियाँ जिनमें सम्पत्तिकर अभी तक आरोपित नहीं किया गया है, वे नियमानुसार आवेदन पत्र सहित स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में राशि जमा कराएं।

### देवराहा बाबा की स्मृति में पांच दिवसीय हनुमान चालीसा का पाठ आज से

**कोरबा।** भगवान स्वरूप परम पूज्य देवराहा बाबा की स्मृति में पांच दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन बुधवारी महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर के प्रांगण में 17 से 21 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात 11 बजे से रखा गया है। राजपूत क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि इस यज्ञ अनुष्ठान को काशी वाराणसी के श्री राम मारुति धाम के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 परम पूज्य जगदीश दास महाराज संपन्न करेंगे। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही संगीत में हनुमान चालीसा का पाठ भी श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया है। आयोजकों ने जिले के समस्त श्रद्धालुओं को इस धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का लाभ उठाने आग्रह किया है।

### हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाए जाने कलेक्टर से की मांग

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जटराज चंद्रनगर निवासी विजय पटेल पिता हरिराम पटेल ने कलेक्टर से शिकायत की है कि एसईसीएल कुसमुण्डा प्रबंधन द्वारा खदान में किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग की वजह से उसके के दीवारों में दरार आ गई है। उसके घर का बोर भी धंस गया है। ब्लास्टिंग की तीव्रता के कारण पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है। उक्त सभी समस्याओं को देखते हुए हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

### फोटो को एडिट कर किया वायरल, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर कॉलोनी निवासी साहिल खान पिता याकुब खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके द्वारा अपनी निजी जरूरत के लिए एमआईजी 1/55 रविशंकर नगर निवासी अंचल अग्रवाल पिता-अनिल अग्रवाल से वर्ष 2022 में 10 हजार रुपए नगद लिया था उसके एवज साहिल ने अपना ओप्पो का मोबाईल दिया था। अंचल अग्रवाल द्वारा उक्त मोबाईल का लॉक खोलकर एआई द्वारा साहिल के निजी फोटो को एडिट कर वायरल कर साहिल को ब्लैकमेल और मारपीट करता है। अंचल अग्रवाल के द्वारा साहिल को लगातार ब्लैकमेल करते हुये जबरन उसे धमका चमकाकर 25 हजार रुपए की वसूली कर लिया है और पैसे की मांग कर रहा है। साहिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अंचल अग्रवाल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### गुरुद्वारे में निकला सांप, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** टीपी नगर गुरुद्वारे में दोपहर 1 बजे एक सांप निकल आने से श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गई। सांप को देखकर उपस्थित लोगों ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया फिर थोड़ी देर पश्चात गुरुद्वारे में पहुंच कर एक किनारे बैठे 5 फिट लम्बा धमना सांप का रेस्क्यू किया गया फिर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

# बंद होने के कगार पर पहुंचा साक्षरता प्रकोष्ठ, अन्य विभागों में अटैच हो रहे कर्मी

## नवसाक्षर परीक्षा के बाद नहीं आया कोई नया प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले का साक्षरता प्रकोष्ठ को नवसाक्षर परीक्षा के बाद कोई नया प्रोजेक्ट नहीं मिलने के बाद बंद होने की स्थिति में पहुंच चुका है। यहां के जिले परियोजना अधिकारी ने अपना अचैटमेंट समाप्त कर स्कूल में ज्वाइनिंग दे दी है वहीं दैनिकवेतन कर्मियों को भी अन्य विभागों में अटैच कर दिया है। बीते चार माह से प्रकोष्ठ के काम बंद पड़े हुए हैं।

असाक्षरों को साक्षर कर उन्हें अक्षर ज्ञान कराने के लिए जिला साक्षर समिति के माध्यम से साक्षरता के विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते रहे हैं। इसके तहत असाक्षरों का सर्वे किया गया और उन्हें चिन्हांकित कर गांव में ही पढ़ाई कराई गई और उसके बाद नवसाक्षर परीक्षा ली गई। जिले में उल्लसा नवभारत कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल महीने में परीक्षा आयोजित हुई थी जिसमें वरिष्ठ नागरिकों तथा पढ़ाई छोड़ देने वाले अधेड़ उम्र के लोगों को शामिल किया गया था। अप्रैल महीने के बाद से साक्षरता प्रकोष्ठ से कोई नया प्रोजेक्ट नहीं मिला है। बीते चार माह से सभी तरह की गतिविधयां बंद हैं। जबकि दूसरे चरण के तहत ग्रामीणों क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों को गांव में सर्वे कर ऐसे लोगों की सूची तैयार करनी थी जो नये कार्यक्रम उल्लास भारत से वंचित हो गए थे। उन्हें चिन्हांकित कर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल कराना था। किंतु अब तक सर्वे जैसे कार्यक्रम भी शुरु नहीं हुए हैं।

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्रों में शुरु होना था असाक्षर सर्वे अभियान
- चार माह से बंद पड़े हैं प्रकोष्ठ के काम



### प्रमाण पत्र की बनी है दरकार

नवसाक्षर परीक्षा में बैठने वाले बुजुर्ग परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र की दरकार बनी हुई है। राज्य साक्षरता प्राधिकरण के द्वारा दिये जाने वाला प्रमाण पत्र परीक्षार्थियों तक नहीं पहुंचा है। विभाग में तीन कर्मी ही पदस्थ हैं शेष दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को अन्य विभागों में संलग्न कर दिया गया है। वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी के जिम्मे ही साक्षरता कार्यक्रम संचालन आ गया है। जब तक नये सचिव की नियुक्ति नहीं हुई है तब तक शिक्षा अधिकारी के प्रभार में ही साक्षरता प्रकोष्ठ रहेगा।

## एक माह से एनएचएम कर्मी हैं हड़ताल पर

# चेतावनी के बाद 6 संविदा डॉक्टर सहित दो लैब अटेंडेंट ने दी ज्वाइनिंग, बाकी डटे हैं पंडाल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के चेतावनी के बाद भी एक माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों ने अल्टीमेटम के बाद पहले दिन 6 डॉक्टर सहित दो लैब अटेंडेंट ने ही ज्वाईनिंग दी है। बांकी अभी भी घंटाघर चौक में चल रहे धरने के पंडाल में डटे हुए हैं। देर शाम स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 21 स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया है ज्वाइनिंग नहीं करने की स्थिति में उनकी स्वयमेव सेवा समाप्त हो जाएगी।

बीते 18 अगस्त से नियमितिकरण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम कर्मियों ने सरकार के द्वारा कुछ बिंदुओं पर स्वीकृति दिये जाने के बावजूद हड़ताल से वापस आने के बजाए धरने में ही डटे रहने का निर्णय लिया गया है। जिस तरह से राज्य सरकार ने 16 सितंबर को हर हाल में ज्वाईनिंग देने के निर्देश देते हुए आदेश के उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी थी उसके मद्देनजर मंगलवार को शाम 5बजे तक सीएचएमओ एसएन केशरी के अनुसार 8 लोगों ने अपनी ज्वाईनिंग दी है जिसमें 6 डॉक्टर सहित दो लैब अटेंडेंट शामिल हैं। श्री केशरी ने बताया कि पहले दिन ज्वाईनिंग नहीं देने वालों को बुधवार को नोटिस जारी की जाएगी और उसके बाद उनके विरुद्ध शासन के नियमों और शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिले में 758 एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी जिला चिकित्सालय सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आरोग्य स्वास्थ्य मंदिर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 618 स्वास्थ्य कर्मी बीते एक माह से हड़ताल पर चल रहे हैं। इनमें स्टाफ नर्स की संख्या ज्यादा है। हड़ताल पर जाने की वजह से लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने पर सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए हड़ताली कर्मियों के कुछ मांगों पर सहमति जताते हुए नियमितिकरण और अन्य मांगों के लिए 7 सदस्यीय टीम गठित करने का आश्वासन दिया है। सरकार के द्वारा 16 सितंबर तक काम पर लौटने के निर्देश देने के बावजूद एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी सरकारी चेतावनी को नजर अंदाज करते हुए पंडाल पर डटे हुए हैं। हड़ताली एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों में डॉक्टर, लैब अटेंडेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, अकांउटेंट, फार्मासिस्ट आदि शामिल हैं।

**खास बात**

- 21 स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा समाप्ति का जारी किया गया नोटिस




घंटाघर चौक में धरने में बैठे एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी।

### नोटिस के बाद करेंगे कार्यवाही

हड़ताली कर्मियों को 16 सितंबर को ज्वाईनिंग के निर्देश शासन के द्वारा दिए गए थे पहले दिन 6 डॉक्टर सहित दो लैब अटेंडेंट ने ही ज्वाईनिंग दी है। शेष हड़ताल पर हैं बुधवार को नोटिस देने के बाद उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**-एसएन केशरी,** सीएचएमओ

### मांगों को लेकर भ्रम में हैं कर्मी

धरने में बैठे स्वास्थ्य कर्मियों के बीच इस बात को लेकर चर्चा थी कि हड़ताल से वापस बुलाने के लिए कोरा आश्वासन दिया गया है, नियमितिकरण उनकी प्रमुख मांग है बीते 15 से 20 वर्षों से लगातार संविदा दर पर ही काम कर रहे हैं। जबकि अन्य राज्यों में इनके नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। चुनाव के पूर्व सरकार ने अपने घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों के नियमितिकरण का वादा किया था जिसे उनके द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा है।

# सरकारी जमीन को निजी खाते में दर्ज कराकर बैंक से लिया लोन, अब होगी एफआईआर




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के कोरबी तहसील के पटवारी हल्का लालपुर और पटवारी हल्का घुंचापुर में राजस्व रिकार्ड में दर्ज शासकीय मद की भूमि को रिकार्ड में हेराफेरी कर निजी खाते में दर्ज कराने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ अपराध दर्ज करायी जाएगी। इसके आदेश कलेक्टर के द्वारा पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम को जारी किये गये हैं। इस हेरा फेरी में पटवारी के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही पहले ही की जा चुकी है।

उक्त पूरे प्रकरण के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 20 लालपुर के सरकारी मद में दर्ज खसरा नंबर 89/1 में से 4 खसरों का बटांकन कर कुल 9.0340 हेक्टेयर भूमि का बटांकन शिवचरण जाति महरा के नाम पर दर्ज किया गया था एवं उक्त भूमि को एक्सिस बैंक दुर्ग में 30 सितंबर 2024 को बंधक बनाकर लोन ले लिया गया था। उक्त भूमि बी 1 कैफियत कालम 10 में दर्ज नहीं है। इसी तरह ग्राम घुंचापुर में खसरा नंबर 206/1 में से रकबा 1.8760 तथा 208/1 में से रकबा 0.833 हे एवं खसरा नंबर 208/12 में से 1.886 हे सहित कुल 3 खसरे की 4.595 हे की शासकीय भूमि का बटांकन कर अजय यादव पिता हिरावन जाति रावत के नाम पर दर्ज है। उक्त जमीन को आईडीएफसी बैंक बेमेतरा में 30 सितंबर 2024 से बंधक रखकर लोन लेने का मामला सामने आया था। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कुल 7 खसरों की 13.629 हे भूमि का षडयंत्र पूर्वक राजस्व रिकार्ड में हेरा फेरी कराकर अपने नाम दर्ज कराकर बैंक से ऋण लेने के कारण उक्त भूमि को बंधक बनाकर गैर कानूनी तरीके से आर्थिक लाभ लेने के आरोप में कलेक्टर के द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को दोनों व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कराने के आदेश दिये हैं।

**खास बात**

- मामला पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के कोरबी उप तहसील का

# अब कोयला कामगारों को 1 करोड़ तक का मिलेगा बीमा कवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जी. किशन रेड्डी

भारत ने पहली बार 1 अरब टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार किया है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं है बल्कि आपके साहस और प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है, आप देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए और हर घर को रोशन रखने के लिए सबसे कठिन परिस्थितियों में दिन-रात काम करते हैं।

उक्त बातें कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कोयला कामगारों के नाम पत्र जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी के अपार समर्थन, सहयोग और आशीर्वाद से 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सारा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित है। 17 सितम्बर को उनका जन्मदिन है, सौभाग्य से उस दिन श्रृष्टि के निर्माता-रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती भी है। इस शुभ अवसर पर हम आपको और आपके परिवार को सुरक्षा की भावना प्रदान करने के लिए दो अमूल्य सुविधाएं प्रदान करना चाह रहें हैं। पहला आपको वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना, इसके अंतर्गत आपके अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर और 25 लाख रुपए की अनुग्रहित राशि प्रदान की जाएगी और दूसरा, कार्य के दौरान सम्मान, समानता और गौरव को ध्यान में रखते हुए सभी श्रमिकों को ड्रेस प्रदान की जाएगी।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में खामियां किसानों की बढ़ी परेशानियां

**कोरबा।** लोगों की सुविधा के लिए सरकारी योजनाओं के सभी शासकीय कार्य अब आनलाईन (डिजिटल) माध्यम से हो रहें हैं जिसका फायदा लोगों को भी मिल रही हैं लेकिन कभी कभी कई कारणों से आनलाईन ऐप के माध्यम से होने वाले कार्य लोगों के लिए मुसिबत साबित हो रहें है। प्रदेश सरकार ने इस बार किसानों को शासकीय मंडी में धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल पर आनलाईन पंजीयन करवाना अनिवार्य कर दिया जो किसान इस पोर्टल के माध्यम से आनलाईन पंजीयन नहीं करवायेगा वह किसान शासकीय सोसायटी में अर्थात समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेंच पायेगा। नगर निगम क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुँच कर शिकायत करते बताया कि शासन प्रशासन द्वारा धान बेचने के लिए आनलाईन पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यमम से करने का आदेश जारी किया गया है लेकिन एग्रीस्टेक पोर्टल में शहरी क्षेत्र के गाँव का आप्शन ही नहीं है जिसके कारण उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है जिससे किसान परेशान और चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

# एसईसीएल कर्मियों को नकाबपोशों ने पंपहाउस में बनाया बंधक, ट्रांसफार्मर व केबल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कबाड़ चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि उन्होंने एसईसीएल के पानी सप्लाई के लिए बनाया गया पंपहाउस में रात्रि पाली की ड्यूटी में तैनात एसईसीएल कर्मियों को बंधक बना लिया और वहां से ट्रांसफार्मर सहित अन्य सामानों की चोरी कर फरार हो गए। देर रात को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल पुलिस मामले में तहकीकात में जुटी हुई है। देर शाम तक पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थी के आने के बाद ही मामले में अपराध दर्ज किया जाएगा। पुलिस मामले में छानबीन में जुटी हुई है।

मामला जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। विकास नगर अहिरन नदी के किनारे स्थित पंपहाउस में सोमवार की देर रात तकरीबन एक दर्जन नकाबपोश युवक घुस गए और ड्यूटी में तैनात एसईसीएल कर्मी सियाराम साहू, सतीश तिर्की, संजय सिंह से पहले तो मोबाइल को छीना गया, उसके बाद तीनों को पंपहाउस में बने कमरे में बंद कर दिया गया। जिसके बाद नदी से पानी खींचने के लिए लगाए गए मोटरों से जुड़े केबलों को काटा गया, उसके बाद बिजली सप्लाई करने वाले ट्रांसफार्मर को खोल कर उसके अंदर के तांबे के तार को निकालकर फरार हो गए। केबल वायर की चोरी के उपरांत पानी सप्लाई बंद होने से कुछ कर्मी पंपहाउस पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ट्रांसफार्मर और केबल चोरी हो गए हैं और वहां मौजूद कर्मी बंधक बने हुए हैं। कर्मियों द्वारा इस घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी गई जिसके उपरांत उच्च अधिकारियों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर छानबीन किया गया लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह जब लोगों के घरों में पानी नहीं आया तो तब कालोनीवासियों को उक्त घटना के बारे में पता चला जिससे कालोनीवासियों में हड़कंप मच गया।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर स्थित पंप हाउस की घटना



इस तरह ट्रांसफार्मर खोल कर केबल ले उड़े चोर।



पंपहाउस जहां हुई वारदात।

### कुसमुंडा कॉलोनी में नहीं हो सके पानी की आपूर्ति

पंपहाउस में डकैती की घटना के बाद ट्रांसफार्मर के केबल सहित अन्य सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसके चलते पंपहाउस में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी और पानी मोटरपंप नहीं चलने की वजह से मंगलवार की सुबह और शाम पूरे कुसमुण्डा खदान क्षेत्र के कॉलोनी में पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकी। जिससे कालोनीवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं इस घटना के बाद एसईसीएल कर्मी भी सकते में हैं। पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी है जिले में कबाड़ का धंधा बंद है इसके बाद भी इस तरह की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है।

## सात दिन के भीतर ज्वॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों को नो-वर्क, नो-पेमेंट के दिए निर्देश

# ज्वॉइन नहीं करने पर सर्विस बेक्र करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक माह से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत अपनाई गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया में पदस्थापना वाले विद्यालयों में अब तक ज्वॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरणों को छोड़कर अन्य सभी शिक्षकों को सात दिवस के भीतर संबंधित विद्यालयों में ज्वॉनिंग कराएं। सात दिवस के भीतर ज्वॉइन नहीं करने पर नो वर्क, नो पेंमेंट की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध सर्विस बेक्र की कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी विभागों को शासन के निर्देशों के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसन्त ने समय सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की शासकीय योजनाएं बंद हो चुकी है, उसके बैंक खाते बंद कराकार शेष राशि को ष्शासन के खाते में जमा कराई जाए। उन्होंने खाता बंद कराकर प्रमाण पत्र भी लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालय के नये भवन के प्रशासकीय स्वीकृति, आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर भर्ती की समीक्षा की। उन्होंने आत्मानंद विद्यालय मेंयोग्य शिक्षकों की भर्ती करने तथा भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।



बैठक लेते कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

## खबर संक्षेप



### पाली पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**कोरबा।** पुलिस ने सजग कार्यक्रम के तहत ग्राम उड़ता और ग्राम चेपा में ग्रामीणों को पाली थाना द्वारा जागरूक किया। थाना प्रभारी पाली जितेंद्र यादव और थाना स्टाफ ने ग्रामीणों को अवैध शराब बिक्री, नशा, साइबर फ्रॉड और महिलाओं एवं बच्चों के अपराध के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को बिना हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल न चलाने और मोडिफाइड साइलेंसर के उपयोग के खतरों के बारे में भी बताया गया। ग्रामीणों ने नशा न करने का संकल्प लिया और अपने-अपने गांवों में शराब बंदी करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान सउनि पुरुषोत्तम सिंह उइके, हीरावन सिंह सरूते, अनिल कुर्रे, जगजीवन कंवर, इंदू राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वयंसेवक सहित समस्त विद्यार्थियों ने स्वच्छता की ली शपथ



**उतरदा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण ने स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के प्रथम दिवस में विद्यालय एवं गांव में अपने आसपास को स्वच्छ रखने के लिए शपथ ग्रहण किया। स्वच्छता पखवाड़ा शपथ कार्यक्रम में प्राचार्य जीपी लहरे ने समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को संपूर्ण स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शपथ समारोह में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों सहित विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता पी पी अंचल, पी.खांडे, उत्तम सिंह मरावी, नीलिमा सोनी, ममता माण्डले, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, निर्मला शर्मा, सुशीला पैगोर, अनीता मानिकपुरी, वंदना लहरे, राजेंद्र कैवर्त्य कलर्क शीलू ध्रुव, संदीप सूर्यवंशी कर्मचारी गण हरिशंकर श्रीवास, गजानन रमतीला सहित समस्त कर्मचारी ने शपथ ली।

### आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जनपद पंचायत में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया था। जिसमें अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े हुए प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशु विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यशाला के दौरान आदि कर्मयोगी अभियान के उद्देश्यों, आदि सेवा केन्द्र की स्थापना,विकासखण्ड स्तरीय कलस्टर,आदि सहयोगी संस्था के विषय में जानकारी दी गई थी। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत निर्धारित समय सीमा में ग्राम स्तर पर ट्रायबल विलेज विजन 2030 निर्माण करने की जानकारी दी गई थी। इसी कड़ी में जनपद पंचायत में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक दिवसीय पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विलेज मास्टर ट्रेनर के रूप में जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत सभी पंचायत के सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्यशाला के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई।

### पतंजलि चिकित्सालय में स्वर्ण बिंदु प्राशन संस्कार आज

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10, 11 महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड कोरबा में 17 सितंबर को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। स्वर्ण प्राशन के बारे में बताते हुए संस्थान के चिकित्स वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा कि हमारे शास्त्रों के अनुसार जन्म से लेकर मृत्यु तक कई संस्कार हैं उसी में आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार स्वर्ण प्राशन संस्कार एक ऐसी विधा है जो बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आज के बदलते परिवेश में अत्यंत उपयोगी है। श्री शर्मा ने बताया कि स्वर्ण अर्थात सोना एवं प्राशन अर्थात चाटना होता है। स्वर्ण प्राशन में शुद्ध स्वर्ण भस्म के साथ शहद, गोघृत, ब्राह्मी, वचा, गिलोय, अश्वगंधा, शंखपुष्पी आदि से बनी दिव्य औषधि बच्चों को दी जाती है जो बच्चों को विलक्षण प्रतिभाशाली बनती है। पुष्य नक्षत्र में इस औषधि के सेवन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।

## नगर में अग्रसेन जयंती के पूर्व विभिन्न प्रतियोगिता

# फैंसी ड्रेस स्पर्धा में अंकिता व अनुष्का ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल द्वारा खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नगर में अग्रवाल समाज के तत्वावधान में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनोखा संगम देखने को मिला। अग्रवाल नवयुवक मंडल तथा अग्रवाल महिला मंडल द्वारा पूरे दिन विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सुबह का आगाज़ क्रिकेट प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें स्थानीय युवाओं की कई टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाज़ी, उम्दा गेंदबाज़ी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया। पूरे मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली, परंतु निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए माधव 11 ने जीत का परचम लहराया और दर्शकों से तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी इस टीम में माधव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, वंशु अग्रवाल, यश अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल,



फैंसी ड्रेस स्पर्धा में शामिल प्रतिभागी।

शेखर अग्रवाल व चैतन्य अग्रवाल मुख्य खिलाड़ी के रूप में रहे। रस्साकशी प्रतियोगिता ने पूरे मैदान का माहौल और अधिक रोमांचक बना दिया। दोनों ओर से खिलाड़ियों ने पूरी ताक़त और सामूहिक प्रयास से रस्सी खींची। लंबे संघर्ष के बाद भाचा 7 की टीम ने विजयी बढ़त बनाते हुए प्रतियोगिता अपने नाम की। इन खेलों के दौरान निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित करने के लिए अंपायर की भूमिका चिंटू अग्रवाल, शंकर अग्रवाल एवं महेन्द्र अग्रवाल ने निभाई। उनके मार्गदर्शन में पूरा आयोजन अनुशासनबद्ध और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सभी खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे आपसी मेल-जोल और सौहार्द का वातावरण और प्रगाढ़ हुआ।

इसी क्रम में दोपहर बाद अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में नगर की लगभग 30 से 40 महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों और रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ हिस्सा लिया। विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक पात्रों को जीवंत रूप में मंच पर प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ संदेश भी मिला। कड़ी प्रतिस्पर्धा और आकर्षक प्रस्तुतियों के बीच निर्णायक मंडल ने अंकिता अग्रवाल को प्रथम स्थान का विजेता घोषित किया, जबकि अनुष्का मित्तल ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। महिला मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम और अधिक आनंददायक बन गया।

# पीएम श्री जवाहर विद्यालय में हो रही पानी की समस्या



ज्ञापन सौंपते अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला में संचालित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा (छुरी) के छात्र छात्राओं के अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य और उनके परेशानियों को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं। विद्यालय में शुरू से ही बच्चों के लिए पर्याप्त मात्रा पानी की उपलब्धता नहीं होना एक बड़ी समस्या बनी हुई है साथ ही शुद्ध पेयजल की चिंता सता रही है अभिभावकों ने कलेक्टर कोरबा को पत्र लिखकर विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया है और जल्द पानी की समस्या को दूर करने की मांग की गई है। पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक कुल 540 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है और विद्यालय में लगभग 50 स्टाफ़ कार्यरत हैं जो पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता नहीं होने से परेशान और चिंतित है। शासन प्रशासन ने तो विद्यालय का नाम तो बदल दिया लेकिन पानी की समस्या जस के तस बनी हुई है।

# आप बहुभाषी बेशक हों लेकिन मातृभाषा सर्वोपरि होनी चाहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी खरमोरा में हिंदी दिवस का मनाया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने और उसके प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया था। समारोह की शुरुआत शिक्षकों द्वारा रोचक पहेलियां पूछकर की गई। इसके बाद कुछ शिक्षकों ने अपनी स्वरचित और सुप्रसिद्ध कविताएं सुनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में हास्य का तड़का लगाते हुए, कुछ शिक्षकों ने लाजवाब चुटकुले सुनाए, जिससे सभागार में ठहाके गूंज उठे। इस अवसर पर हिंदी की शिक्षिका श्रीमती अशरफ जहां ने हिंदी भाषा के महत्व पर बहुत ही सुंदर तरीके से प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि आप बहुभाषी जरूर हों लेकिन मातृभाषा सर्वोपरि होनी चाहिए। उनके इस प्रेरणादायक वक्तव्य ने सभी को अपनी मातृभाषा के गौरव और महत्व के प्रति जागरूक किया।

# जयसिंह ने एसईसीएल प्रबंधन को दी चेतावनी

## स्थानीय विस्थापित परिवार रोजगार से वंचित न हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान विस्तार परियोजना के विस्थापित परिवारों के अधिकारों की अनदेखी, रोजगार और पुनर्वास समझौते की वादाखिलाफी तथा महिलाओं के साथ अपमानजनक व्यवहार को लेकर कोरबा की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यदि हालात नहीं सुधरे तो यह संघर्ष कोरबा से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचेगा। विस्थापित परिवार रोजगार से वंचित, बाहरी लोगों को प्राथमिकता अग्रवाल ने कहा कि खदान विस्तार के लिए हजारों परिवारों ने जमीन और आजीविका त्याग दी थी। इसके बदले रोजगार देने का वादा किया गया, लेकिन आज भी स्थानीय पात्र युवाओं को नौकरी नहीं मिली। "बाहरी लोगों को अनुचित प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी है और ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि जब विस्थापित महिलाएँ शांतिपूर्वक प्रदर्शन करती हैं, तो कंपनियों के ठेकेदार बाउंसरों का इस्तेमाल कर उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं। महिला बाउंसरों ने अपमानजनक व्यवहार किया। यह न केवल सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि मानवाधिकारों का भी हनन है, अग्रवाल ने कहा। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में भी महिलाएँ अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन कर चुकी हैं, लेकिन प्रबंधन ने केवल मीटिंग और आश्वासन से बात टाल दी।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास कॉलोनियों की स्थिति बदहाल है। उन्होंने प्रशासन और प्रबंधन की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि बार-बार शिकायतें, धरने और ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासनिक संरक्षण में कंपनियों की मनमानी का खुला प्रमाण है।

**खास बात**

- भूविस्थापितों के पक्ष में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेगा आंदोलन



जयसिंह अग्रवाल

# हसदेव नदी के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठी जनजागृति की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर नमामि हसदेव सेवा समिति ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से बिलासपुर स्थित उनके निजी कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कोरबा में रिवर फ्रंट निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। समिति ने बताया कि हसदेव नदी न केवल कोरबा की जीवनरेखा है, बल्कि इसका धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्व है। वर्तमान में यह क्षेत्र अव्यवस्थित, असुरक्षित और प्रदूषण से ग्रसित होता जा रहा है, ऐसे में इसे सुंदर और व्यवस्थित रिवर फ्रंट में तब्दील करने की आवश्यकता है। समिति ने रिवर फ्रंट निर्माण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें प्रमुख रूप से घाटों का सौंदर्यीकरण अंतर्गत माँ सर्वमंगला मंदिर, श्री सर्वेश्वर मंदिर, शिवशक्ति माँ भवानी मंदिर सहित विभिन्न घाटों पर पक्की सीढ़ियाँ, रेलिंग और लाइटिंग की व्यवस्था, हसदेव आरती, भजन, योग एवं उत्सवों हेतु सांस्कृतिक मंच निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता हेतु पैदल पथ का निर्माण, सुरक्षा और निगरानी के लिए स्मार्ट लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, ठोस कचरा एवं सीवेज प्रबंधन अंतर्गत नालों पर चेम्बर सिस्टम, बायोफेंस या एसटीपी की व्यवस्था, जनसुविधा केंद्र के अंतर्गत शौचालय, वस्त्र परिवर्तन कक्ष, कूड़ादान आदि, खेल और मनोरंजन को बढ़ावा देने बच्चों के लिए झूले, पार्क और अन्य खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा, ट्रैफिक नियंत्रण और प्रबंधन हेतु पार्किंग और प्रशासनिक कार्यालय तथा सुरक्षा एवं अतिक्रमण नियंत्रण हेतु गार्ड रूम और सीमांकन बाउंड्री निर्माण की मांग रखी गई है। यह मांग पत्र जिले के विकास और हसदेव नदी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। इस दौरान चन्द्र किशोर श्रीवास्तव अध्यक्ष, रणधीर पाण्डेय कार्यकारी अध्यक्ष, यशवंत कुमार मिश्रा सचिव, प्रकाश सिंह चाहल पर्यावरण प्रमुख और हरीश कुमार राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।



उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।

# ग्रैंड सेलिब्रेशन के साथ जेसीआई वीक का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा होटल ऑरा गोल्ड में जेसीआई वीक ग्रैंड सेलिब्रेशन किया गया। जिसके अंतर्गत अवॉर्ड नाइट, गेम्स एवं रैम्प वॉक का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव सीए अंकित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में आतिशबाजी, गाजे-बाजे व नाच के साथ अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल एवं फर्स्ट लेडी ऑफ़ लोम जेसीरेट माधुरी अग्रवाल की जेसीआई बरात निकाली गयी। जिसमें जेसीआई वीक के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे बताया गया एवं जेसीआई वीक के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व-अध्यक्ष जेसी एस.के. सिल्ला, जिन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युवा केवल अपने करियर तक सीमित नहीं हैं, वे समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं और जेसीआई उन्हें नेतृत्व और सेवा का अवसर प्रदान करती हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व-अध्यक्ष जेसी आनंद रैकवार ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और युवा नेतृत्व को भविष्य की ताकत बताया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग रहा फैशन शो रैम्प वॉक, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, स्टाइल और क्रिएटिविटी का बेहतरीन प्रदर्शन किया, साथ ही गेम्स भी खेले गए। इस दौरान जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष-गण, जेसीआई लीजेंड से अध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल, कार्यक्रम-निदेशक प्रतीक अग्रवाल, जेसी वीक समन्वयक हर्ष गुप्ता, जेसीरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल, जेसीलेट बच्चे सहित पूरा जेसीआई परिवार उपस्थित थे।

# रात का सफर हुआ आसान बाईपास मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइट



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार क्षेत्रवासियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की लम्बे समय से मांग थी कि हरदीबाजार -दीपका बाईपास मार्ग को सुरक्षित व सुगम बनाया जाए, इस दिशा में कई आंदोलन, धरना प्रदर्शन किये जा चुके हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के मांग व पुनः दबाव पर एसईसीएल प्रबंधन ने आखिरकार सड़क को सुगम बनाने की दिशा में पहल करते हुए, सड़क में डिवाइड, रात में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की । अब रात में भी इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। खासतौर पर गेवरा-दीपका कोयला खदान में काम करने वाले व अन्य निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को इस सड़क में अब आवागमन करने में बड़ी राहत मिलेगी । साथ में सड़क पर बैठे मवेशियों से दुर्घटना की भी संभावना नहीं रहेगी।

# सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में शामिल हुए भाजपाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी मंडल भिलाई बाजार के प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण आदर्श ग्राम छिंदपुर में मंडल के द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम प्रभारी वह व मुख्य वक्ता चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चुलेश्वर राठौर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आयोजित मंडल कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संघ सहभागिता रहे। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेश के सभी मंडलों में व्यापक स्तर पर विविध सेवाभावी कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। इस अभियान का मूल उद्देश्य, समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सेवा संवेदनशील स्पर्श पहुंचाना। इस अवसर पर प्रताप सिंह कंवर, अशोक राजवाड़े, सचिन राठौर, श्याम सिंह लोकेश साहू, हेमंत तिवारी, मणिशंकर पाटले, रथलाल पाटले, राजेंद्र राजपूत, हुलेश राठौर, ललित मोहन राजवाड़े मनहरण राठौर, शंकरलाल यादव, कृष्णानंद राठौर, छत्रपाल सिंह राठौर, कृपासिंधु राजवाड़े, दीपक कुमार यादव, गंगाराम श्रीवास, शैलेंद्र सिंह राठौर उपस्थित रहे।




TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# देवशिल्पी बाबा विश्वकर्मा जयंती पर विशेष

**आज 17 सितंबर 2025** को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार विश्वकर्मा जयंती कन्या सं ांति के दिन मनाई जाती है, जिसमें सूर्यदेव अपनी स्वराशि सिंह की यात्रा को विराम देते हुए कन्या राशि में गोचर करते हैं । इस दिन का विशेष महत्व फैक्ट्री, कारखानों और शिल्पकारों के लिए होता है, जिसमें देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने का महत्व होता है। इस दिन प्रतिष्ठानों में विशेष रूप भगवान विश्वकर्मा की पूजा और आराधना होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, स्वर्ग लोक, लंका, द्वारिका और भगवान जगन्नाथ मंदिर का निर्माण भगवान विश्वकर्मी ने की किया था। आइए जानते हैं विश्वकर्मा पूजा का महत्व और शुभ मुहूर्त।



### पूजा शुभ मुहूर्त 2025

हर वर्ष कन्या सं ांति पर विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार सूर्यदेव 17 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे। कन्या सं ांति पर पुण्यकाल सुबह 05 बजकर 36 मिनट से लेकर दिन में 11 बजकर 44 मिनट तक है। वहीं महापुण्य काल सुबह 05 बजकर 36 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 39 मिनट तक है। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 07 बजकर 50 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 26 मिनट तक रहेगा।

### विश्वकर्मा पूजा का महत्व

विश्वकर्मा जयंती पर फैक्ट्री, कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में काम आने वाली मशीनों और औजारों की पूजा होती है। इसके अलावा इस दिन लोग अपनी कार और मोटर साईकिल की पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्त ों की सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्क ी और उन्नति प्राप्त होती है। विश्वकर्मा जयंती के दिन व्यापार और निर्माण आदि जैसे कार्यों में आने वाली मशीनों और औजारों की पूजा करने से इसमें किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आती है।

### कौन है भगवान विश्वकर्मा

हिंदू धर्म में विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि के सबसे बड़े और अद्भुत शिल्पकार और प्रजापति ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्माजी का प्राकट्य दिवस हर साल कन्या सं ांति के दिन मनाया जाता है। विश्वकर्मा जी को दुनिया का पहले शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर थे। ऐसी मान्यता है कि जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की तो भवनों और महलों के निर्माण का कार्य इन्हें सौपा था। पौराणिक कथाओं के अनुसार विश्वकर्माजी ने इंद्रपुरी, त्रेता में लंका, द्वापर में द्वारिका और हस्तिनापुर, कलयुग में जगन्नाथपुरी आदि का निर्माण किया था।इसके अलावा श्रीहरि भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन च ,शिव जी का त्रिशूल,पुष्पक विमान, इंद्र का व्रज को भी भगवान विश्वकर्मा ने ही बनाया था। विश्वकर्मा जयंती पर विशेष तौर पर निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों आदि की पूजा की जाती है।





















## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ आज

**कोरबा।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा कार्यों के साथ मनाने की परंपरा के तहत इस वर्ष भी जिले में सेवा पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की कमान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के हाथों में होगी। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में न सिर्फ स्वच्छता अभियान चलेगा बल्कि रक्तदान, वृक्षारोपण और कई अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियाँ भी पूरे जिले में रंग जमाएँगी। अभियान की शुरुआत जिले के कटहल गार्डन एम.पी. नगर से प्रातः 7:30 बजे स्वच्छता अभियान के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर जिले के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर तक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस. एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के समन्वय से जिले के समस्त प्रा.स्वा.केन्द्रों (आयुष्मान आरोग्य मंदिरों), सामु.स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला चिकित्सालय में दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाए सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने दैनिक स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे । जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की विशिष्ट स्वास्थ देखभाल, आवश्यकताओं को पूरा करना, स्वास्थ्य, पोषण, तंदरूस्ती और प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में लगने वाले दैनिक शिविरों में रोगों की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्घन पर घ्यान केन्द्रीत किया जाएगा, इस शिविरों में गैर संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल रोग और मातृ स्वास्थ्य की जाँच एवं उपचार किया जाएगा साथ ही स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता और परामर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक स्कूल के तीन छात्रों ने जीता कांस्य पदक



**कोरबा।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हॉकी राजनांदगांव में 9 से 13 तक आयोजित हुआ, जिसमें बालको के मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक स्कूल के 3 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसमें विद्यालय का कक्षा 9वीं का छात्र ईशांत पांडे का चयन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में होने पर मिनीमाता प्राचार्य भोजेंद्र सिंह कोच गोपाल दास एवं कल्याण शिक्षण समिति बालको के सचिव गिरीश शर्मा एवं कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे ने ईशांत सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने बधाई दी।

### मुकुंद उपाध्याय को मिला संगीत कला साधक सम्मान



**कोरबा।** कृपाराम निराला की स्मृति में उनकी पुत्री श्रीमती कौशल्या खुराना व्याख्याता हिंदी ने संगीत कला साधक सम्मान 2024 में प्रारंभ किया जिसके तहत पिछले साल रूपेश चौहान को यह पुरस्कार प्रदान किया गया था। संगीत का ज्ञान रखने वाले राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक मुकुंद उपाध्याय को संगीत कला सम्मान 2025 प्रदान किया। प्रदान किया गया है। पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन समिति घंटाघर में साक्षी सेवा समिति के बैनर तले मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक अभिषेक अग्रवाल, संस्थापक श्रीमती एस कुर्रे, व्याख्याता श्रीमती कौशिल्या खुराना के द्वारा प्रदान किया गया।

## कांग्रेस का मशाल जुलूस...






**कोरबा।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट के नेतृत्व में देर शाम कोरबा में कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, वरिष्ठ कांग्रेसी गुरुमुख सिंह होरा, वरिष्ठ कांग्रेसी टी एस सिंहदेव, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

### बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही है बारिश

# एक माह में दूसरी बार बांगो बांध का खुला गेट, तीन गेट से छोड़ा जा रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल एक बार फिर से बहुत तेजी से बढ़ने लगा था। बांध का वाटर लेवल मैनेज नहीं होने पर मंगलवार की सुबह बांगो बांध के तीन गेट फिर खोल दिए गए। जिससे लगातार पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर हाइडल प्लांट को भी पूरी रफ्तार से चलाया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि इसके बाद भी वाटर लेवल मैनेज नहीं हुआ तो कुछ और गेट भी खोले जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इस बार बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में शुरुआती दौर से ही अच्छी बारिश हो रही है। जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ गया था और पिछले दिनों लगातार बढ़ते वाटर लेवल की वजह से बांगो बांध के 8 गेट खोला गया था और बड़े पैमाने पर हसदेव नदी में पानी छोड़ा गया था। पानी की रफ्तार थमते ही बांगो बांध के सभी 8 गेट को बंद किया गया था। जिसके बाद हाइडल प्लांट को लगातार रफ्तार से चलाया जा रहा था ताकि अधिक से अधिक पानी का इस्तेमाल कर बिजली पैदा किया जा सके लेकिन पिछले 24 घंटे से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में



बांगो बांध का खोला गया तीन गेट।

लगातार तेज बारिश होने की वजह से एक बार फिर बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ने लगा। इस खतरे को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अफसरों को इसकी सूचना दी थी और निचली बस्तियों में अलर्ट जारी किया गया था। वहीं हाइडल प्लांट के चलने के बाद भी वाटर लेवल मैनेज नहीं होने पर मंगलवार की सुबह लगभग 9:10 बजे बांगो बांध के तीन गेट को खोला गया। गेट नंबर 4 को 0.25 मीटर, गेट नंबर 6 को 0.50 मीटर, गेट नंबर 8 को 0.25 मीटर खोला गया लेकिन इसके बाद भी बांध का जलस्तर 358.29 मीटर पर स्थिर है। जलस्तर को नियंत्रण कर कम करने के लिए सुबह 9:40 बजे गेट नंबर 4 को 0.50 मीटर, गेट नंबर 6 को 1.00 मीटर एवं गेट नंबर 8 को 0.50 मीटर आवश्यकतानुसार खोला गया है। सभी गेटों से कुल 11 हजार 837 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है और हाइडल प्लांट के द्वारा 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस प्रकार बांध से कुल 20 हजार 837 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है।

### बारिश ने बढ़ाई केंदई जलप्रपात की खूबसूरती



जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर अंबिकापुर मार्ग पर मोरगा से पहले स्थित केंदई जलप्रपात को प्रायः छत्तीसगढ़ का कपिलधारा कहा जाता है। हरे-भरे घने जंगलों के बीच स्थित यह झरना उन सभी लोगों के लिए आदर्श स्थल है जो शहर की भागदौड़ से दूर एकांत और सुकून की तलाश में प्रकृति की गोद में समय बिताना चाहते हैं। बारिश के मौसम में केंदई का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। लगभग 200 फीट ऊंचाई से गिरता यह प्रपात इस समय दो धाराओं में विभाजित होकर नीचे आता है जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देता है। झरने के इर्द-गिर्द फैली हरियाली, बहते पानी की आवाज़ और ठंडी हवाएं मन को सुकून देती हैं। यही कारण है कि यह जगह फ़ोटोग्राफ़रों, यूट्यूबर्स और प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद बन चुकी है। इन दिनों झरने के बढ़ते जलस्तर और आसपास की हरियाली ने इस स्थान की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा दिया है।

## मवेशियों की सतत देखभाल कर चारा पानी का करें उचित इंतजाम : पाण्डेय



गौठान का निरीक्षण कर निर्देश देते निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम के गोकुलनगर गोठान पहुंचकर वहां का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने गोठान की समस्त व्यवस्थाओं को सतत रूप से दुरूस्त रखने, गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत देखभाल करने एवं भूसा, चारा एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने पम्प हाउस स्थित कम्पोस्ट सेंटर का निरीक्षण किए जाने के साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**खास बात**

- आयुक्त ने गोकुलनगर गोठान का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सतत दुरुस्तगी के दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न स्थलों का प्रातः भ्रमण कर निगम के साफ-सफाई कार्यो सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं, निगम की व्यवस्थाओं, निर्माण व विकास कार्यो सहित निगम के विभिन्न कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत दुरूस्तगी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने प्रातः भ्रमण के दौरान गोकुलनगर में निगम द्वारा संचालित गोठान का निरीक्षण किया एवं वहाँ की व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोठान में रखे गए मवेशियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली एवं वहाँ पर मवेशियों के लिए भूसा, चारा, पानी आदि के संबंध में की गई व्यवस्था एवं उनकी उपलब्धता का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों से कहा कि गोठान की समस्त व्यवस्थाएं निरंतर चुस्त-दुरूस्त रखें तथा गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत रूप से देखभाल सुनिश्चित कराएं।

### कम्पोस्ट सेंटर का किया निरीक्षण

निगम द्वारा पम्पहाउस कालोनी के समीप नहर के किनारे कम्पोस्ट सेंटर संचालित किया जा रहा है, जहाँ पर शहर से उत्सर्जित गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त कम्पोस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने सेंटर में स्थित कम्पोस्ट शेड में खाद बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए सेंटर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## नाली निर्माण में हो रही अनियमितता



निर्माणाधीन नाली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

कोरकोमा ग्राम पंचायत में 15वें वित्त से लगभग 10 लाख रूपये की आरसीसी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें भारी अनियमितता देखने को मिला रही है। कोरकोमा में नाली निर्माण के लिए बनाए जाने वाले कंक्रीट मैटेरियल को बिना मिक्सर मशीन के मजदूरों के द्वारा जमीन में ही बनाया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता पर सवाल खड़ा होता है। इसके अलावा नाली निर्माण के समय वाइब्रेटर का उपयोग करना होता है जो नहीं किया जा रहा है।

निर्माण एजेंसी द्वारा शासकीय मापदंडों को दरकिनार करते हुए मनमाने तरीके से नाली बनाया जा रहा है जिससे शासकीय राशि का दुरूपयोग हो रहा है। लोगों का कहना है कि बिना मिक्सर मशीन व बिना वाइब्रेटर चलाए गुणवत्ताहीन नाली बनाया जा रहा और नाली में बेस लगभग 4 इंच दिया जाना था जो कहीं 2 इंच है तो कहीं उतना भी नहीं है। इससे साफ जाहिर है कि नाली बनने के कुछ समय मे ही उसका खस्ता हाल होगा और सरकारी पैसे की बर्बादी कर निर्माण एजेंसी अपना जेब भरने में लगी है। कार्यस्थल से सूचना पटल भी गायब हैं जिससे कार्य की जानकारी आम लोगों ना हो सके और निर्माण एजेंसी अपने मनमाने तरीक़े से कार्य करके पैसा निकाल सकें । इस संबंध में इंजीनियर से संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा सही जानकारी ना देते हुए गोलमोल बातें बनाई गई। कोरकोमा पंचायत सचिव से नाली निर्माण के संबंध में जानकारी मांगने पर किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं देने की बात कही गयी।

## सुंधरा नाला से हो रहा अवैध रेत खनन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम चैतमा के पास से सुंधरा नाला बहता है गर्मी के दिनों नाला पूरा सूख जाता है यहां पर बडे पुल के पास शमशान घाट के पास से ट्रेक्टर संचालकों द्वारा पुल के दोंनों ओर से रेत निकाला जा रहा है। वर्तमान में ट्रेक्टर संचालकों द्वारा संयुक्त रुप से ट्रेक्टर को नाला के पानी अंदर घुसा कर रेत भरते है और दो इंजन के सहारे खींचकर बाहर निकालते है जिससे दुर्घटना होने की भी सम्भावना है। एक तरफ शमशान और दूसरी तरफ स्टाप डेम है नाला के अंदर ट्रेक्टर घूसाकर रेत निकाला जा रहा है। जिससे शमशान घाट में कटाव एवं स्टाप डेम को भी खतरा हो सकता है। इस तरह हो रहे अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग एव़ं राजस्व विभाग द्वारा अवैध रेत खूदाई को नहीं रोक लगाया जा रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग स्तरीय खेलकूद समारोह प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना से कोरबा विभाग के सरस्वती शिशु मंदिरो में अध्यनरत भैया/बहिनो का तीन दिवसीय खेलकूद समारोह सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। दीपक सोनी ने विभाग स्तरीय खेलकुद का सारगर्भित जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने सरस्वती शिशु मंदिर के अनुशासन की प्रसंशा करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। नरेश जायसवाल ने विद्या भारती द्वारा आयोजित विद्यालय स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक की खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि विद्या भारती में पांच आधारभूत विषयों को जोडा गया है। शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, सस्कृत शिक्षा और नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का सर्वागीण विकास हो रहा है। खेलकूद के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि हम प्रथम स्थान प्राप्त करें परन्तु किसी कारणवश स्थान प्राप्त न होने पर हमें निराश होने की आवश्यकता नही है बल्कि प्रतिज्ञा लेकर जावें कि आगामी वर्षों में अपना स्थान अवश्य बनाएंगे। इस खेलकूद को समारोह की तरह सम्पादित करने का आव्हान किया। खेलकुद में बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरूण वर्ग से 100 मी., 200 मी., 400 मी., 600 मी., 800 मी., 1000 मी., 1500 मी. 3000 मी. दौड़, त्रिकुद, ऊंची कूद, लम्बी कुद, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेक, हेमर थ्रो फेक, बाधा दौड़ रिलेरेस आदि खेलों का समावेश किया गया है। जिसमें कोरबा जिला, जांजगीर चाम्पा जिला, सक्ती जिला के 21 विद्यालयों से 245 भैया / बहन एवं संरक्षक आचार्य भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अजय सिंह कोरम अधीक्षण यंत्री एचटीपीपी दर्री, अध्यक्षता धनंजय सिंह अध्यक्ष स. शि. मं. दर्री, संस्थान प्रतिनिधि नरेश जायसवाल, अर्जुन सिंह पटेल, दीपक सोनी, संयोजक भीष्मदेव सिंह, खेल प्रभारी चिंतामणी कौशिक, डॉ मंजुला साहू, श्रीमती मालती जोशी, नवल किशोर शुक्ला सहित अन्य उपिस्थित थे।



मंचस्थ अतिथिगण।





